RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 118 • 11:05:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

**कर्नाटक सेक्स स्कैंडल**

## एनसीडब्ल्यू बोला-किसी पीड़ित ने शिकायत नहीं की

**नई दिल्ली/बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में देशभर में सरगर्मी है। अब मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने 9 मई को कहा कि किसी भी पीड़ित ने प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कराई। जो महिला हमारे पास शिकायत कराने पहुंची थी, उसने बताया कि उसे जबरन ऐसा करने के लिए कहा गया था। महिला आयोग ने एक्शन टेकन रिपोर्ट का भी हवाला दिया। इसके मुताबिक, यौन शोषण की शिकायत के आधार पर जो दो केस रजिस्टर हुए हैं एटीआर ने पीड़ितों द्वारा यौन शोषण की



शिकायतों के आधार पर दो मामलों के दर्ज होने का संकेत दिया। इसके साथ ही एक पीड़ित के रिश्तेदार की तरफ से अपहरण के लिए एक अतिरिक्त शिकायत भी दर्ज की गई। हालांकि, इस मामले में कोई भी पीड़ित आयोग में शिकायत दर्ज कराने के लिए नहीं आया है। महिला आयोग के मुताबिक, महिला ने कहा कि उसे कई नंबरों से कॉल कर शिकायत करने की धमकी दी गई। यह भी पता चला कि इस शिकायतकर्ता को लोगों के एक ग्रुप ने मजबूर किया गया था।

## ईरान ने जब्त किए जहाज से 5 भारतीयों को किया रिहा

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने 13 अप्रैल को जब्त किए जहाज एरीज पर सवार 5 भारतीय को रिहा कर दिया है। ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने गुरुवार को बताया कि सभी लोग भारत के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने ईरान अधिकारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। दरअसल, इजराइल पर हमले से पहले ईरान ने भारत आ रहे पुर्तगाल के झंडे वाले एक जहाज को ओमान की खाड़ी में होर्मुज पास से जब्त किया था। इस पर 25 क्रू मेंबर मौजूद थे जिनमें 17 भारतीय और दो पाकिस्तानी थे। यह शिप इजराइली अरबपति की एक कंपनी का था। बचे हुए 11 सदस्य अब भी ईरान की कैद में हैं। इससे पहले 18 अप्रैल को एक भारतीय महिला कैडेट एन टेसा जोसेफ को रिहा किया गया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने जोसेफ की रिहाई पर कहा था कि सरकार शिप पर मौजूद बाकी 16 भारतीयों के संपर्क में हैं।

## नक्सलियों के साथ फोर्स की एक बार फिर मुठभेड़

**जगदलपुर/बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। बताया जा रहा है की गंगालूर इलाके में पीडिया के जंगल में फोर्स के जवानों ने नक्सलियों के बड़े लीडर्स को घेर रखा है। नक्सलियों की पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के साथ जवानों की मुठभेड़ चल रही है। जानकारी मिली थी कि हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव समेत बड़े लीडर्स का पीडिया में जमावड़ा है। नक्सलियों की कमेटी में बड़े नक्सली लीडर हैं। इसी सूचना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर और



सुकमा इन तीन जिलों से फोर्स ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया था। कोबरा बटालियन समेत फोर्स के 1200 से ज्यादा जवानों ने इलाके को घेर रखा है। सूत्र बता रहे हैं कि कुछ नक्सलियों को गोली लगी है। हालांकि, अधिकारी तौर पर इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। 15 अप्रैल को कांकेर जिले के माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें नक्सली लीडर शंकर राव भी शामिल था। मुठभेड़ में इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित 3 जवान घायल हुए। उस दौरान मौके से 5 एके-47 बरामद की गई थीं।

# अक्षय तृतीया पर बांके बिहारी के 2 लाख भक्तों ने किए चरण दर्शन

**साल में सिर्फ एक बार होते हैं, 1 किमी लंबी लाइन, 10 लाख के पहुंचने का अनुमान**



**मथुरा (एजेंसी)।** मथुरा के वृंदावन में अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को बांके बिहारी में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बांके बिहारी को सुबह चंदन का लेप लगाया गया। फिर श्रृंगार हुआ। साल में केवल आज ही के दिन भगवान बांके बिहारी के सभी अंगों पर चंदन लगाया जाता है। भक्तों को उनके चरण दर्शन भी कराए जाते हैं। चरण दर्शन भी साल में सिर्फ आज ही के दिन कराए जाते हैं। शुक्रवार को बांके बिहारी मंदिर के पट सुबह 5 बजे खुले। सबसे पहले मंदिर के पुजारी अंदर गए। देहरी पूजन किया। गर्भगृह में पहुंचकर भगवान का अभिषेक किया और फिर चंदन का लेपन कर श्रृंगार किया। आम भक्तों के लिए मंदिर के पट सुबह 7 बजे खोल दिए गए। सुबह 10 बजे तक 2 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन कर चुके हैं। मंदिर के गेट नंबर-2 और 3 से



भक्तों को एंट्री दी जा रही है। गेट नंबर-2 पर एक किमी लंबी लाइन लगी है। प्रशासन को शाम तक 10 लाख भक्तों के पहुंचने का अनुमान था। 12 से 4 बजे तक मंदिर बंद रहा। आज भगवान बांके बिहारी को पैरों में पायजेब और लटकनदार हार धारण कराया गया है। शाम के समय सर्वांग दर्शन हुए। यानी भगवान के पूरे शरीर के। भगवान के शरीर पर चंदन का लेप होगा और वह धोती पहने हुए थे। मंदिर के सेवायत आचार्य प्रह्लाद वल्लभ गोस्वामी ने बताया- चंदन खासतौर पर बेंगलुरु से मंगवाया गया है। चंदन के आधा-आधा किलो के 4 लड्डू सुबह, दोपहर, शाम बांके बिहारी के चरण में रखे जाते हैं। पूरे दिन भक्तों के जरिए 200 किलो चंदन चढ़ाए जाने का अनुमान है। मैसूर से चंदन की लकड़ी मंगाई गई थी।

## जैसे ही लगी अर्थव्यवस्था को चपत, घबरा गया मालदीव

- **भागे-भागे भारत आए विदेश मंत्री, बोले-समझौता मजबूत करिए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने गुरुवार को संकेत दिया कि मुइज्जू सरकार भारत के साथ काम करना चाहती है, जबकि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि द्विपक्षीय



संबंध आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित हैं। जयशंकर-जमीर की बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने मालदीव में भारत द्वारा चलाई गए कई प्रोजेक्ट की स्थिति पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्षों ने इन योजनाओं के जरिए होने वाले विकास और अन्य प्रोजेक्ट को लेकर अपनी-अपनी बात रखी। सूत्रों ने बताया कि मालदीव में भारत विरोधी बयानबाजी के बीच जमीर की भारत यात्रा इस बात का संकेत है कि पड़ोसी देश कामकाजी रिश्ते बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि संसदीय चुनावों में शानदार जीत के बाद मुइज्जू प्रशासन बयानबाजी को किनारे रखकर भारत के साथ काम करना चाहेगा, जो अपनी आजादी के बाद से मालदीव में संकटों का सबसे पहले जवाब देने वाला देश रहा है। अपनी बयान में जमीर ने भारत की कुछ चिंताओं का समाधान करने का प्रयास किया और कहा कि उनके देश की सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कार्रवाई कर रही है कि लोग भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी न करें।

# 'आरक्षण को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह'

**महाराष्ट्र के नंदुरबार में पीएम मोदी का राहुल की टीम पर बड़ा हमला, आरक्षण पर जमकर घेरा**

**कहा-वंचितों और आदिवासियों की सेवा करना परिवार के सदस्यों के लिए सेवा करने जैसा है**





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर महाराष्ट्र काफी अहम राज्य है। यहां पर कुल 48 लोकसभा सीटें हैं जो किसी भी दल को दिल्ली की सत्ता पर पहुंचाने के लिए काफी अहम हैं। इसी बीच, आज पीएम मोदी महाराष्ट्र के नंदुरबार में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह हो गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस जानती है कि विकास के मामले में वे मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते और इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोल ली है। आरक्षण को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह हो गई है। धर्म आधारित आरक्षण बाबासाहेब अम्बेडकर के सिद्धांत के खिलाफ है। यह संविधान बनाने वालों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है। यह एक ऐसा पाप है जिसे मापा नहीं जा सकता। पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक के मुसलमानों को रातों रात पिछड़ा बना दिया गया। कांग्रेस कर्नाटक का मॉडल पूरे देश में लागू करना चाहती है। पीएम ने कहा कि ये महा विकास अघाड़ी आरक्षण के भक्षण का महाअभियान चला रही है। पीएम ने कहा कि एससी एसटी ओबीसी का आरक्षण बचाने के लिए मैं महायज्ञ कर रहा हूं।

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र में 5 दिन तक बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में गर्मी के मौसम के बीच 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में 5 दिन तक बारिश की संभावना जताई है। वहीं, मध्य प्रदेश में बारिश के साथ ओले गिरने का भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा कि 3 उत्तरी राज्यों (जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड) में बारिश हो सकती है। वहीं, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कुछ जिलों में भी हल्की बरसात देखने को मिल सकती है। इसके अलावा नॉर्थ-ईस्ट के 8 राज्यों में तेज बारिश होगी। उधर, देश के 7 राज्यों में गर्मी का असर भी देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, महाराष्ट्र, हरियाणा और तेलंगाना में तापमान 40 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान में हीटवेव की चेतावनी है। फलोदी जिले में शुक्रवार को तापमान 46.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

## भारतीय मूल की उमा सोफिया ने लौटाया मिस टीन यूएसए का खिताब

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय-मैक्सिकन मूल की उमा सोफिया श्रीवास्तव ने मिस टीन यूएसए का खिताब लौटा दिया है। उमा को पिछले साल, 2023 के लिए मिस टीन यूएसए का ताज पहनाया गया था। बुधवार को खिताब छोड़ने का ऐलान करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि उनके व्यक्तिगत मूल्य संगठन की दिशा के साथ पूरी तरह मेल नहीं खाते हैं। ऐसे में वह इस टाइटल को लौटा रही हैं। मिस टीन यूएसए ने उमा के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उनकी सेवाओं के लिए उनका शुक्रिया करते हुए कहा कि हम अपने कर्तव्यों से हटने के उमा सोफिया के फैसले का सम्मान और समर्थन करते हैं। संगठन ने कहा कि हम जल्द ही नई मिस टीन यूएसए की ताजपोशी की घोषणा करेंगे। उमा के खिताब लौटाने से दो दिन पहले ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों का हवाला देते हुए नोएलिया वोइगट ने मिस यूएसए टाइटल छोड़ने का ऐलान किया है। उमा ने ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, कई महीनों से इस पर फैसला लेने की कोशिश कर रही थीं, जिस पर आखिरकार मैंने निर्णय लिया है। मैंने मिस टीन यूएसए से रिजाइन करने का फैसला लिया है।

# केजरीवाल को 1 जून तक जमानत लोकसभा चुनाव प्रचार कर सकेंगे

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-मार्च में गिरफ्तारी हुई, ईडी डेढ़ साल तक कहां थी**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा गया है। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति मामले में 40 दिन (1अप्रैल) से तिहाड़ जेल में बंद हैं। अदालत ने दोपहर 2 बजे एक लाइन में फैसला सुनाया। आज शाम तक वे जेल से बाहर आ सकते हैं। हालांकि, उनके वकील ने 4 जून तक की रिहाई का अनुरोध किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया एक जून को खत्म हो जाएगी। कोर्ट का पूरा ऑर्डर अभी तक नहीं आया है। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, अगस्त 2022 में ईडी ने केस दर्ज किया। उन्हें मार्च (2024) में गिरफ्तार किया गया। डेढ़ साल तक वे कहां थे। गिरफ्तारी बाद में या पहले हो सकती थी। 22 दिन इधर या उधर से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए। ईडी का कहना था कि चुनाव प्रचार जमानत का आधार नहीं हो सकता, क्योंकि ये कोई मौलिक या कानूनी अधिकार नहीं हो सकता। ईडी ने ये भी कहा था कि जमानत देने से गलत मिसाल कायम होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर बहस अगले सप्ताह जारी रहेगी। 20 मई से शुरू होने वाली गर्मी की छुट्टियों से पहले याचिका पर फैसला सुनाने का प्रयास करेगी।

## देश के सिर्फ 22 लोगों के लिए काम करते हैं नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने एक चुनावी जनसभा के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी 22 लोगों के काम करते हैं। जिनके पास 70 करोड़ लोगों के बराबर पैसा है। इसके लिए इंडिया गठबंधन ने फैसला किया है कि हम 22 अरबपति की जगह करोड़ों गरीब परिवारों को लखपति




बनाएंगे। यूपी के कन्नौज लोकसभा से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनावी मैदान में हैं। जहां उनके समर्थन में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जनता से कहा कि बीजेपी और मोदी सरकार ने देश का पैसा केवल 22 लोगों को दिया है। ये पैसा 70 करोड़ लोगों के बराबर है। अगर मोदी सरकार 22 अरबपति तैयार कर सकती है तो हम करोड़ों गरीब परिवारों की एक सूची तैयार करके उन्हें लखपति बनाएंगे।

**भक्तिपथ**

# चार धाम यात्रा शुरू, केदारनाथ-यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुले, उमड़ी भीड़


- **पहले ही दिन भारी भीड़ प्रशासन के लिए चुनौती बनी, सीएम धामी ने किए दर्शन**



**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड की चार धाम यात्रा शुक्रवार से शुरू हो गई है। केदारनाथ के कपाट सुबह 6.55 बजे और यमुनोत्री के कपाट सुबह 10.29 बजे खोले गए। दोपहर 12.25 बजे गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। जबकि बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन 12 मई से होंगे। केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी के साथ दर्शन के लिए पहुंचे। यहां पहले ही दिन हजारों लोगों की भीड़ के कारण अव्यवस्था देखने को मिली। इन चारों धामों पर दिन का तापमान 0 से 3 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। वहीं, रात में पारा माइनस में पहुंच रहा है। इसके बावजूद केदारनाथ धाम से 16 किमी पहले गौरीकुंड में करीब 10 हजार श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 7 से 8 हजार के बीच था। यहां करीब 1500 कमरे हैं, जो भरे हुए हैं। रजिस्टर्ड 5,545 खच्चर बुक हो चुके हैं। हरिद्वार और ऋषिकेश में 15 हजार से ज्यादा यात्री पहुंच चुके हैं। चार धाम यात्रा के लिए अब तक 22.15 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। पिछले साल रिकॉर्ड 55 लाख लोगों ने दर्शन किए थे। केदारनाथ-बद्रीनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजयेंद्र अजय के मुताबिक 9 मई की शाम 4 बजे डोली केदारधाम पहुंची। इसी से सबक लेते हुए उत्तराखंड पुलिस और पर्यटन विभाग ने पहली बार चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं की प्रतिदिन की संख्या सीमित कर दी है। पिछले साल चारों धामों में रोजाना 60 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे रहे थे। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे के मुताबिक एक दिन में 15 हजार श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे।

## नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में दो लोगों को उम्रकैद की सजा

- **मास्टरमाइंड माने जा रहे डॉक्टर तावड़े समेत 3 लोग हुए बरी, पुणे की कोर्ट ने 11 साल बाद सुनाया फैसला**



**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के प्रमुख नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में 11 साल बाद शुक्रवार को कोर्ट का फैसला आया है। पुणे में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट के एडिशनल सेशन जज पीपी जाधव ने आरोपी सचिन अंदुरे और शरद कलस्कर को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। हत्याकांड में कुल 5 आरोपी थे। इनमें डॉक्टर विरेंद्र सिंह तावड़े, विक्रम भावे और संजीव पुनालेकर को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। इनमें तावड़े, अंदुरे और कलस्कर जेल में हैं, जबकि पुनालेकर और भावे जमानत पर हैं। 20 अगस्त, 2013 को पुणे के महर्षि विट्ठल रामजी ब्रिज पर दो बाइक सवार अपराधियों ने दाभोलकर की गोली मारकर हत्या की थी। वीरेंद्र तावड़े पर दाभोलकर की हत्या की साजिश रचने का आरोप था। वह हत्याकांड का मास्टरमाइंड माना जा रहा था। दाभोलकर की हत्या के बाद अगले चार साल में तीन अन्य कार्यकर्ताओं की हत्याएं हुई थीं। फरवरी 2015 में कम्युनिस्ट नेता गोविंद पानसरे और उसी साल अगस्त में कन्नड़ स्कॉलर और लेखक एमएम कलबुर्गी की कोल्हापुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड कार्यालय का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**भागलपुर/ सबौर, एजेंसी।** प्रखंड कार्यालय सबौर का एसडीओ धनंजय कुमार ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को कामकाज में अपडेट रहने का दिशा निर्देश दिया। अंचल प्रखंड कृषि कार्यालय, पशु चिकित्सा कार्यालय, मनरेगा भवन, खाद्य आपूर्ति कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय सहित अन्य विभाग को उन्होंने कार्य पंजी तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मनरेगा भवन में पीओ को फटकार लगाते हुए साफ-सफाई रखने एवं भवन में विभाग का नामकरण करने को लेकर निर्देश दिया। बीडीओ प्रभात रंजन ने कहा कि सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण करने के दौरान प्रखंड क्षेत्र के संचालित सभी विभाग के कार्यालय को व्यवस्थित ढंग से रहकर कार्य कर निष्पादन करने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया।

### छात्रों के नामांकन को लेकर डीएम को आवेदन

**भागलपुर/ सबौर, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के फरका पंचायत स्थित घोषपुर मध्य विद्यालय के अष्टम वर्ग उत्तीर्ण छात्राओं के नामांकन को लेकर फरका पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद मंडल ने डीएम को आवेदन दिया है। उन्होंने मांग की है कि घोषपुर व पंचायत के अन्य गांव के मध्य विद्यालय से अष्टम वर्ग उत्तीर्ण छात्रों का नामांकन फरका पंचायत स्थित हाई स्कूल में नहीं करवाना चाहता है। कारण सड़क गंगा कटाव में विलीन होने एवं दूर होने से परेशानी है। उन्होंने सबौर नगर पंचायत स्थित अन्य विद्यालय में नामांकन की मांग की है।

### गायघाट : महायज्ञ को लेकर निकाली कलश शोभायात्रा

**गायघाट , एजेंसी।** केवटसा पंचायत स्थित हरखौली में श्री विष्णु महायज्ञ व श्री भगवत प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गुरुवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। बागमती नदी स्थित चंदौली घाट से कलश में जल भर कर श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचे। 19 मई तक चलने वाले इस महायज्ञ में श्रीरामचरित मानस पाठ, नवाह परायण, भजन संकीर्तन एवं राम कथा के साथ ही भागवत कथा, हवन, हनुमान चालीसा व भजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। त्यागी बाबा विरेंद्र शरण के नेतृत्व में यज्ञ में अयोध्या व अन्य जगहों के संत महात्मा भाग लेंगे। शोभा यात्रा के दौरान राम नारायण राय, घनश्याम राय, नरेश राय, राम सुभक राय, ललित राय, संजय राय, रामनाथ राय, शिवचंद्र राय, उमेश राय, राम सुफल राय, फुलदेव राय व मिथिलेश राय मौजूद थे।

### बरारी वाटर वर्क्स रोड पर आज हटेगा अतिक्रमण, टूटेंगे अवैध मकान

**भागलपुर, एजेंसी।** बरारी वार्टर वर्क्स रोड पर बने अवैध मकान आज तोड़े जाएंगे। यहां नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण कर पांच लोगों ने मकान बना लिए हैं। हाईकोर्ट ने इन्हें अवैध मानते हुए इस अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया है। नगर निगम प्रशासन अनुसार जिन लोगों ने अतिक्रमण किए हैं, उनमें प्रमोद कुमार मंडल, रानी देवी, रुपा देवी, संजय कुमार पासवान और पुष्पलता कुमारी शामिल हैं। हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में नगर निगम प्रशासन आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण ध्वस्त करेगा। अभियान के दौरान दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# लोकसभा चुनावः चौथे चरण में 2 केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर



**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव पर देश-प्रदेश की नजरें टिकी हैं। इस चरण में भाजपा के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह (बेगूसराय) और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय (उजियारपुर) तथा जदयू के दिग्गज नेता राजीव रंजन सिर्फ उर्फ ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है। चौथे चरण की सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए महज 48 घंटे शेष रह गया है। चौथे चरण में पांच सीटों- मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर (सु.), उजियारपुर और दरभंगा में 13 मई को मतदान है। इस चरण में नीतीश कुमार की सरकार में दो मंत्री अशोक चौधरी और महेश्वर हजारी के बीच भी नाक की लड़ाई है। एक की बेटी तो दूसरे का बेटा समस्तीपुर से एक दूसरे के आमने सामने हैं। सभी सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के उम्मीदवारों के बीच सीधी टक्कर है। पांच में से चार सीटों पर दोनों गठबंधनों के उम्मीदवार पहली बार आमने-सामने हैं। सिर्फ एक सीट उजियारपुर में भाजपा के नित्यानंद राय और राजद के आलोक कुमार मेहता के बीच दूसरी बार टक्कर है। इससे पहले भी 2014 में भी ये दोनों चुनाव मैदान में आमने सामने हुए थे। नित्यानंद राय की जीत हुई थी। नित्यानंद राय के सामने जीत बरकरार रखते हुए हैट्रिक लगाने की चुनौती है। गिरिराज सिंह ने 2014 का चुनाव नवादा से और 2019 का चुनाव बेगूसराय से जीता। पिछले चुनाव में गिरिराज सिंह ने भाकपा के कन्हैया कुमार को हराया था। इस बार बेगूसराय में उनके सामने भाकपा के अवधेश राय हैं। दोनों के बीच पहली बार मुकाबला हो रहा है। 2019 में मुंगेर से जीत चुके जदयू प्रत्याशी ललन सिंह की टक्कर राजद की अनीता देवी से है, जो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। दरभंगा में भाजपा के मौजूदा सांसद गोपालजी ठाकुर के सामने राजद के पूर्व मंत्री ललित यादव हैं। दोनों पहली बार आमने-सामने हैं। ललित पांच बार के विधायक हैं। वर्ष 2019 में दरभंगा में गोपालजी ठाकुर ने राजद के पूर्व मंत्री अब्दुलबारी सिद्दिकी को हराया था।

### समस्तीपुर में दो मंत्रियों के बेटे-बेटी मैदान में

समस्तीपुर के चुनाव पर भी देश भर की निगाहें हैं। यहां जदयू के दो मंत्रियों के बेटे-बेटी चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं। यहां से ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी लोजपा (आर) तो सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सनी हजारी कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। इन दोनों ही युवा उम्मीदवारों का यह पहला चुनाव है। इस तरह इनका भी आमना-सामना पहली बार है।

### कल थम जाएगा चुनाव प्रचार, 55 उम्मीदवार है मैदान में

इस चरण में कुल 55 उम्मीदवारों में 51 पुरुष और 3 महिला प्रत्याशी हैं। दरभंगा में 8, उजियारपुर में 13, समस्तीपुर में 12, बेगूसराय में 10 और मुंगेर में 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। 11 (शनिवार) मई की शाम को 6 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा।



# भागलपुर में हाइवा से टकराई कार, 3 दोस्तों की मौत

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के नवगछिया में शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है। हादसा गोपालपुर थाना इलाके के कटिहार से बेगूसराय जाने वाली एनएच- 31 पर हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। इसके बाद कार में फंसे शव को निकाल कर नवगछिया अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान नवगछिया के भवानीपुर निवासी सनोज यादव (30) केपिस्टन यादव (32) और खगड़िया निवासी प्रभाकर यादव (28) के रूप में की गई है। तीनों दोस्त थे और पूर्णिया में एनएच के किनारे एक ढाबा चलाते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की अहले सुबह करीब 4 बजे तीनों एक कार से अपने घर भागलपुर के लिए निकले थे। रास्ते में मकनपुर के पास हादसा हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। मौके पर मौजूद सुजय कुमार साव ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 3 बजे बहुत तेज आवाज हुई। सबने कहा कि टायर फटा है, लेकिन मौके पर पहुंचने पर पता चला कि एक्सीडेंट हुआ है। गाड़ी में 3 लोग थे, जिनकी हादसे के बाद मौत हो गई थी। सुजय ने बताया कि कार ने खड़ी गाड़ी में टक्कर मार दी थी। लोगों ने गोपालपुर थाना को सूचना दी। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस सभी को अस्पताल लेकर चली गई। सुजय का पास ही में लाइन होटल है।

# बेगूसराय में खेल-खेल में चली गोली..किशोर की मौत

**नाबालिग दोस्त पर फायरिंग का आरोप, पिस्तौल और चार कारतूस बरामद**



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में गुरुवार की देर शाम गोली लगने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के बसही पंचायत के औरैय गांव की है। बताया जा रहा है कि दो दोस्त ऑनलाइन गेम खेल रहे थे। इसी दौरान एक ने दूसरे पर गोली चला दी। मृतक की पहचान श्रवण यादव के बेटे अर्जुन कुमार (12) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि अर्जुन कुमार और उसका नाबालिग दोस्त दोनों पबजी खेल रहे थे। इसी दौरान नाबालिग दोस्त ने गोली चला दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

**खेल-खेल में घटी घटना :** घटना की सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष विवेक भारती मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से एक पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किया है। वहीं, शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना खेल-खेल में घटी है। हादसे के शिकार और आरोपी दोनों नाबालिग हैं। घटनास्थल से एक पिस्तौल और चार गोली बरामद किया है। घटना की छानबीन की जा रही है, जल्द ही दोषी को पकड़ लिया जाएगा।

### अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

एसपी मनीष ने बताया कि गोली लगने के बाद नाबालिग को तुरंत पीएचसी लाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि अर्जुन कुमार अपने नाबालिग दोस्त के साथ हकरू यादव के घर के बरामदे पर गेम खेल रहा था। इसी दौरान नाबालिग दोस्त ने गोली चला दी। घटनास्थल से एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।



**अब रेलवे को देना होगा 1.96 लाख मुआवजा**

# बुजुर्ग को खड़े-खड़े करवाया दरभंगा से दिल्ली तक 1200 किमी का सफर

**पटना, एजेंसी।** एक बुजुर्ग को रेलवे की लापरवाही भारी पड़ गई। सहूलियत से सफर के लिए एक महीने पहले उन्होंने टिकट आरक्षित कराई थी। बावजूद इसके उन्हें करीब 1200 किलोमीटर की यात्रा खड़े होकर करनी पड़ी। उपभोक्ता अदालत ने बुजुर्ग को हुई कठिनाई के लिए रेलवे को दोषी मानते हुए मुआवजा देने का आदेश दिया है। उद्योग सदन स्थित उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की अध्यक्ष मोनिका श्रीवास्तव, सदस्य डॉ राजेन्द्र धर व सदस्य रश्मि बंसल की पीठ ने इस मामले में रेलवे पर जुर्माना लगाया है। इसके तहत ब्याज सहित शिकायतकर्ता को एक लाख 96 हजार रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सुविधाओं के साथ यात्रा करने के मकसद से ही महीनों पहले रेल का टिकट बुक कराता है, लेकिन यदि यात्रा वाले दिन कन्फर्म टिकट के बावजूद उसे हजारों किलोमीटर का सफर बगैर सीट के तय करना पड़े तो उसकी मुश्किलों का अंदाजा लगाया जा सकता है। पीठ ने इसे सरासर रेलवे अधिकारियों की सेवा में कोताही माना है। मुआवजा रकम में बुजुर्ग को हुई असुविधा के साथ-साथ मुकदमा खर्च भी शामिल है। मामले में सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से तर्क दिया गया कि बुजुर्ग ने 3 जनवरी 2008 को बिहार के दरभंगा से दिल्ली आने के लिए स्लीपर क्लास की एक टिकट बुक कराई थी।

बुजुर्ग को यह यात्रा 19 फरवरी 2008 को करनी थी। रेलवे ने इस बीच बुजुर्ग की सीट का अपग्रेडेशन कर उन्हें एसी कोच में एक सीट दी थी। हालांकि, रेलवे पीठ के समक्ष यह साबित करने में असफल रहा कि उन्होंने सीट अपग्रेडेशन की सूचना बुजुर्ग को दी थी। बुजुर्ग ने सुनाई व्यथा बुजुर्ग ने पीठ को दी शिकायत में बताया कि टिकट बुक कराते समय उन्हें कोच एस 4 में सीट नम्बर 69 आवंटित की गई थी। 19 फरवरी 2008 को वह ट्रेन के समय पर दरभंगा स्टेशन पहुंचे और कोच एस 4 में चढ़ गए। वहां पहुंचकर उन्होंने देखा की उनकी सीट पर कोई और व्यक्ति है। इस पर उन्होंने कोच के टीटीई से संपर्क किया। टीटीई ने बताया कि उनकी सीट का अपग्रेडेशन कर दिया गया है। वह बी 1 कोच की सीट नम्बर 33 में चले जाएं। जब वह छपरा स्टेशन पर बी 1 कोच में पहुंचे तो उन्होंने पाया कि यह सीट टीटीई ने किसी और व्यक्ति को दे दी है। इस पर उनका टीटीई से विवाद हुआ। रेलवे का पीठ के समक्ष तर्क था कि यात्री समय से सीट पर नहीं पहुंचे, इसलिए दूसरे यात्री का किराया बढ़ाकर यह सीट उन्हें दे दी गई थी।

# विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के आधे से अधिक पद खाली

**अकेले बीआरएयू में 1000 पद रिक्त**

**पटना, एजेंसी।** राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में आधे से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। कई विषयों में एक भी नियमित शिक्षक कार्यरत नहीं हैं। विश्वविद्यालयों द्वारा राजभवन को इस संबंध में जानकारी दी गई है। पिछले दिनों राजभवन में हुई कुलपतियों की बैठक में यह जानकारी सभी ने दी है। कुलपतियों ने बताया कि जिन विषयों के शिक्षक नहीं हैं, वहां अतिथि शिक्षक कक्षा लेते हैं। अतिथि शिक्षकों को भुगतान करने के लिए लंबे समय से शिक्षा विभाग द्वारा राशि नहीं देने की शिकायत भी कइयों ने की। इसी क्रम में मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति ने राजभवन को बताया है कि उनके यहां स्नातकोत्तर में शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों का एक भी पद नहीं है। स्नातक के शिक्षक ही स्नातकोत्तर को पढ़ा रहे हैं। स्नातकोत्तर शिक्षक के पद की स्वीकृति अभी-तक नहीं मिली है। वहीं, बीएन मंडल मधेपुरा के कुलपति ने राजभवन को बताया है कि उनके यहां 14 विषयों में से 11 के शिक्षक ही नहीं हैं। पटना विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि उनके यहां सिर्फ बंगाली भाषा के शिक्षक नहीं हैं। ललित नारायण विश्वविद्यालय ने बताया कि उनके यहां शिक्षकों के 117 पद रिक्त हैं। 381 अतिथि शिक्षक हैं। बीआरए विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर में शिक्षकों का स्वीकृत पद 1690 है, जिनमें 637 ही नियमित शिक्षक हैं। 501 अतिथि शिक्षक रखे गये हैं। वीर



कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में 965 स्वीकृत पदों के विरुद्ध 351 शिक्षक ही कार्यरत हैं। यहां 264 अतिथि शिक्षक हैं। इसी प्रकार पूर्णिया विश्वविद्यालय में 782 पदों के विरुद्ध 172 ही कार्यरत हैं। यहां अतिथि शिक्षक 60 हैं। तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में 15 वैसे विषय हैं, जिनके एक भी नियमित शिक्षक नहीं हैं। जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में 11 विषयों के शिक्षक नहीं हैं।

### बीपीएससी में चल रही शिक्षक भर्ती

बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक के पदों पर भर्ती निकाली है जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। शिक्षा विभाग की इस भर्ती में आवेदन करने को इच्छुक अभ्यर्थियों को अब भी आवेदन करने का मौका है। जिन लोगों ने अभी तक फॉर्म भरना शुरू नहीं किया है, उन्हें सलाह है वे जल्द से जल्द आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस भर्ती में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ध्यान रखें कि आवेदन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 16 मई, 2024 निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट पर जारी भर्ती विज्ञापन व नोटिफिकेशन भी देख सकते हैं।

# चिराग बोले-तेजस्वी को हार की चिंता इसलिए बौखला रहे



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** हाजीपुर में पहुंचे चिराग पासवान ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला। कहा कि जैसे-जैसे चरण समाप्त हो रहे, वैसे-वैसे लोगों में आक्रामक और बौखलाहट दिखाई देने लगती है। वह जान रहे हैं कि चुनाव हार जाएंगे इसी को लेकर शब्दों की मर्यादा को भी खोता जा रहे हैं। चिराग पासवान हाजीपुर के डिग्गी स्थित एक निजी होटल में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पहुंचे थे। तभी मीडिया कर्मियों के सवालों को जवाब देते हुए कहा कि शब्दों की मर्यादा जिस तरह से इन लोगों का खोता रहा है, वह भी इसी तरह से खोती रहेगी। उन्होंने कहा कि 2014 में भी हम लोगों ने देखा और 2019 में भी हम लोगों ने देखा है कि जैसे-जैसे चरण बढ़ते जा रहे, वैसे-वैसे इनको हार का एहसास होने लगता और लोगों से इनको फीडबैक मिलते रहता है। कैसा प्रचार चल रहा है कैसा रिजल्ट आ रहा है, वैसे में स्वाभाविक है कि लोगों में आक्रामकता आएंगी ही।

# मुजफ्फपुर में हथियारों की होड़, एक और एके 47 का सुराग मिला

**इटली मेड पिस्टल बरामद**



**मुजफ्फपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुजफ्फरपुर और आस पास के इलाके में सुरक्षा जांच तेज कर दिया गया है। इस दौरान बड़े और घातक हथियार बरामद किए जा रहे हैं। जिले के फकुली थाना क्षेत्र के मनकौली से एके-47 बरामदगी मामले में जांच कर रही एसआईटी को जिले में एक और एके-47 का सुराग मिला है। जिसे दो बार में पार्ट्स-पार्ट्स करके असम से मुजफ्फरपुर लाया गया है। विकास के माध्यम से ही असम से यह एके-47 जिले में शराब धंधेबाजों ने मंगवाई है। बताया जा रहा है कि उसकी बरामदगी के लिए पुलिस टीम ताबड़तोड़ छापेमारी में जुटी है।

उधर बैरिया बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल से इटली मेड विदेशी पिस्टल के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी मिल रही है कि दो खेप में पहुंची एके-47 को दो इलाके में छिपाकर रखा गया है। हथियार बरामदगी के लिए पहले उस बदमाश को पकड़ने की तैयारी है जिसके हाथ एके-47 बेची गई है। उसकी गिरफ्तारी के बाद हथियार छिपाने स्थलों की जानकारी मिलेगी। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन हथियारों का कोई रिलेशन नहीं है। वहीं, मामले में शराब धंधेबाज देवमणि राय से पूछताछ में पुलिस को कई जानकारी मिली है। झारखंड, यूपी और पश्चिम बंगाल की सीमा से शराब लदे ट्रक की इंट्री होते ही एके-47 धारक बदमाश गाड़ी को स्कॉर्ट करके धंधेबाज के ठिकाने तक सुरक्षित पहुंचाते हैं।

प्रतिद्वंद्वियों से शराब लदे ट्रक को बचाने के लिए कई धंधेबाज एके-47 को भाड़े पर भी लेते हैं। शराब की मात्रा के अनुसार हथियार का भाड़ा तय होता है। आमतौर पर एक ट्रक शराब को सुरक्षित ठिकाने तक पहुंचाने के लिए एके-47 का भाड़ा एक लाख रुपये प्रति खेप तक होता है। पुलिस को यह सूचना मिलने के बाद अब शराब धंधेबाजों के सिंडिकेट को भी जांच के दायरे में रखा गया है। जिले के पश्चिमी इलाके के तीन शराब सिंडिकेट भाड़े पर एके-47 की सेवा लेते हैं। देवमणि खुद की खेप लाने के साथ भाड़े पर भी एके-47 दिया करता था।

**सोने की चेन की जब्ती नहीं बनाने का आरोप :** एके-47 के साथ गिरफ्तार देवमणि राय के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उसके पास से बरामद सोने की चेन को दबा लिया है। जब दिवमणि को गिरफ्तार किया गया तब उसके गले में सोने की चेन थी। इस चेन का जिक्र पुलिस ने अपनी जब्ती सूची में नहीं किया है, नहीं ही इसे लौटाया गया है। गुरुवार को देवमणि के परिजनों ने वकील के माध्यम से इसको लेकर कई वरीय पुलिस अधिकारियों से शिकायत की।

**पुलिस कर्मियों को मिलेगा गैलेंट्री अवार्ड :** जिले में एके-47 हथियार बरामद करने वाली टीम में शामिल पुलिस कर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड मिलेगा। इसकी कवायद शुरू कर दी गई है। एसएसपी की ओर से आईजी के माध्यम से प्रस्ताव भेजा जाएगा। टीम में शामिल अधिकारियों को अवार्ड दिलाने के लिए एसएसपी ने गोपनीय कार्यालय प्रभारी को कागजात तैयार करने का निर्देश दिया है। टीम में शामिल 2018 बैच के दारोगा रंजीत कुमार, फकुली थानाध्यक्ष ललन कुमार, पीएसआई कुणाल कुमार कश्यप, पीएसआई भास्कर कुमार मिश्रा, पीएसआई अंजली कुमारी व पिंटू कुमार को शामिल दिखाया गया है। अवार्ड मिलने पर सभी को शीघ्र ही प्रोमोशन मिलेगा। इधर फकुली से एके-47 जब्ती में आरोपितों की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अब पुलिस की कार्रवाई में खामियां ढूंढ़नी शुरू कर दी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि नियम है कि जिस जगह हथियार या उसका कोई भी पार्ट्स जब्त होता है, उसी स्थल पर उसे सील करना है। इसके साथ ही इलाके के संबंधित थाने में इसकी एफआईआर भी दर्ज करानी है। पुलिस ने फकुली थाना में दर्ज एफआईआर में विकास और सत्यम को स्टेशन पर ही एके-47 के बट और इसमें फिट होने वाले लेंस के साथ हिरासत में लेने का जिक्र किया है, लेकिन इस संबंध में जीआरपी में इंट्री नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रिपल मर्डर के 2 आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**हाजीपुर**। वैशाली में आठ सितम्बर 2019 को रूस्तमपुर थानान्तर्गत सुकुमारपुर गांव में पूर्व के विवाद के समझौते को लेकर पंचायत चल रही थी। इसके बाद कुछ अपराधकर्मियों ने वहां ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थी, जिसमें तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। गोली लगने से 01. चनारिक राय, 02. पुतुल राय, 03. नाजीर राय की मृत्यु हो गई थी। रुस्तमपुर (राघोपुर) थाना कांड 126/19 आर्म्स एक्ट दर्ज की गई थी। इस मामले में पूर्व में कुल 12 अभियुक्तों को जेल भेजा जा चुका है। शेष बचे अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी। घटना में शामिल दो अपराधी गोलू राय उर्फ संतोष राय और अजय राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरान्त जेल भेज दिया गया है। दोनों रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे।

### नीट यूजी पेपर लीक मामले में अब तक 13 गिरफ्तारी, मकान में रटाया गया था 25 छात्रों को प्रश्न और उत्तर

**पटना**। नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में शास्त्रीनगर थाने की पुलिस अब तक 13 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। इस पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड नालंदा का रहने वाला संजीव सिंह उर्फ संजीव मुखिया ने इस फर्जीवाड़े का अड्डा पटना खेमनीचक में दो तल्ले के मकान में बनाया था। इस घर के मालिक प्रशांत रंजन दनियावां के रहने वाले है। संजीव के कहने पर ही इस पूरे कांड को करने के लिए शहर से दूर एकांत में इस मकान को बनाया गया था। इस मकान को इस मामले में गिरफ्तार सिकंदर ने किराए पर लिया था। सी मकान में निचले तल्ले पर बने दो कमरों में 25 छात्रों को प्रश्न और उसका उत्तर रटवाया गया था। यहीं से पुलिस को जले हुए प्रश्नपत्र बरामद हुआ था। संजीव मुखिया के कहने पर रविवार की सुबह इसे जलाने कि कोशिश की गई थी। इस घर को दनियावां के रहने वाले प्रशांत रंजन ने 2014 में बनवाया था। जिसके बाद इस दो तल्ला मकान को पटना के रहने वाले विनय शुक्ला ने किराए पर लिया। विनय ने निचले फ्लोर पर लर्न प्ले स्कूल खोला और दूसरे तल्ले पर लर्न प्ले स्कूल खोला। लेकिन लॉकडाउन के बाद स्कूल और हॉस्टल दोनों बंद हो गया। इसके बाद से ये घर कई साल बंद रहा। बाद में कभी कोई रेंटर आता और कुछ दिन रहता और चला जाता। अभी भी इस घर के दूसरे तल्ले पर एक परिवार रहता है। इस घर में जाने का रास्ता भी अभी नही बन पाया है। घर बिलकुल अलग और शहर से कुछ दूर रहने के चलते ही संजीव मुखिया ने इसे अपना सेंटर बनाया था।

### पटना में बुजुर्ग महिला ने किया सुसाइड, घरेलू विवाद के बाद महिला ने लगाई फांसी, पति से चल रहा था अनबन

**पटना**। पटना के फतुहा थाना इलाके के कोल्हर गांव में शुक्रवार की सुबह एक वृद्ध महिला ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव को फांसी पर लटका देखा तो घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। घरेलू कलह की वजह से आत्महत्या की बात कही जा रही है। मृतका की पहचान फतुहा थाना इलाके के कोल्हर गांव निवासी कपिल प्रसाद की 62 वर्षीया पत्नी नीलम देवी के रूप में हुई है। वहीं इस मामले में मृतका के पुत्र मुकेश कुमार ने बताया कि जिस समय घटना घटी उस समय घर में कोई नहीं था। मेरी मां ने खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जैसे ही हम लोग घर में गए तो देखा कि मां पंखे से लटकी हुई है। इसके बाद घर में चीख पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण इकठ्ठा हो गए। फिर इसकी जानकारी फतुहा थाने को दी गई। जनकारी मिलते ही फतुहा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवा कर मामले की छानबीन की। ग्रामीणों के अनुसार पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। फतुहा थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसी, पटना भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

### CBSE ने रिजल्ट आने से पहले जारी किया शेड्यूल

**पटना**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) परीक्षा का रिजल्ट इस महीने जारी हो जाएगा। सीबीएसई ने बोर्ड रिजल्ट से पहले मार्क्स वेरिफिकेशन, आंसर शीट की फोटोकॉपी, रीवैल्यूएशन के लिए शेड्यूल जारी किया है। बोर्ड रिजल्ट आने के चार दिन बाद मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। मार्क्स का वेरिफिकेशन रिजल्ट आने के चौथे दिन से आठवें दिन तक होगा। यानी की विद्यार्थियों को आवेदन के लिए पांच दिन का समय दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को आंसर शीट की स्कैन कॉपी रिजल्ट जारी होने के 19वें और 20वें दिन दिखाया जाएगा। वहीं, मार्क्स रीवैल्यूएशन के लिए



आवेदन सिर्फ दो दिन तक ही कर सकते हैं। यह आवेदन रिजल्ट जारी होने के 24वें और 25वें दिन किया जा सकता है। सीबीएसई के द्वारा यह कदम परीक्षार्थियों की शिकायतें दूर करने के उद्देश्य से उठाया गया है, जो कम अंक मिलने की बात करते हैं। बोर्ड ने कहा कि परिणाम की घोषणा के बाद, यदि छात्र परिणामों के माध्यम से सूचित अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं, तो सीबीएसई छात्रों को मार्क्स वेरिफिकेशन, उनकी आंसर शीट की फोटोकॉपी प्राप्त करने और रीवैल्यूएशन का अवसर प्रदान करता है। हालांकि, इस बारे में डिटेल जानकारी रिजल्ट आने के बाद फिर से जारी की जाएगी। बोर्ड ने आगे कहा कि यह देखा गया है कि कई छात्र और अभिभावक किसी न किसी कारण से इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद सीबीएसई से संपर्क करते हैं। यह सूचित किया जाता है कि ये एक्टिविटी समयबद्ध हैं और इनका लाभ केवल ऑनलाइन ही उठाया जा सकता है। अंतिम तिथि के बाद और ऑफ़लाइन मोड में कोई भी अनुरोध बोर्ड द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए, माता-पिता, छात्रों, स्कूलों को कार्यक्रम के बारे में पहले से सूचित किया जा रहा है ताकि जरूरत पड़ने पर वे सीबीएसई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

### बिहार में बारिश-बिजली का अलर्ट,50 KM/H से चलेगी हवा, आकाशीय बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत

**पटना**। बिहार में पिछले तीन दिनों से मौसम के बदले मिजाज से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज शुक्रवार को भी राज्य के सभी जिलों में बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया। फिलहाल 13 मई तक बिहार में लोगों से गर्मी से राहत मिलेगी। पटना का अधिकतम पारा गुरुवार को चार डिग्री और गिरकर 28 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से बिहार में 9 लोगों की मौत हो गई है। बीते दिन गुरुवार को बेतिया, बेगूसराय, सीतामढ़ी, मुंगेर, छपरा, लखीसराय, आरा, शेखपुरा, गया और समस्तीपुर में जोरदार बारिश हुई है। मधेपुरा में भी बूंदाबादी देखने को मिली है। जिसके बाद कई जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे आ गया। इधर, राजधानी पटना में भी बूंदाबांदी हुई। यहां सुबह से ही काले बादल छाए रहे। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से प्रदेश भर में 9 लोगों की मौत हो गई। बेगूसराय के मंझौल में ठनका की तेज आवाज से



एक महिला मजदूर जमुई के भुल्लर गांव निवासी पिंकी देवी की मौत हो गई। गया के छतरपुर रक्की गांव में मवेशी लाने गई महिला जमुनी देवी, मोतिहारी के हरसिद्धि थाना क्षेत्र में दो चचेरे भाई, केसरिया में मवेशी बांध रही रिंधु कुमारी (19), समस्तीपुर के सिमरहट्टी गांव में सुरेश पासवान की पत्नी बबीता देवी, सीतामढ़ी के गिद्धा फुलवरिया पंचायत के वार्ड 6 में 12 वर्षीय दौलत कुमारी और खगड़िया में युवक की ठनका की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि अररिया के सिकटी प्रखंड में घास काटने गए पति-पत्नी भी ठनका की चपेट में आ गए। पत्नी की मौत हो गई।

# तेजस्वी बोले- चिराग खुदगर्ज होते तो पीएम के साथ नहीं होते

## मुकेश सहनी ने कहा-कुशवाहा को हराने के लिए बीजेपी ने पवन को मैदान में उतारा

**एजेंसी, पटना।**



बिहार में लोकसभा का चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है। वैसे-वैसे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तल्ख बयानबाजी तेज हो गई है। चिराग पासवान और नेता प्रतिपक्ष इन दिनों आमने सामने हैं। शुक्रवार को तेजस्वी यादव ने चिराग पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि पीएम ने चिराग पासवान के पिताजी की मूर्ति फेंकवा दी। उनसे घर खाली करवाया और पार्टी का सिंबल छीन लिया। चिराग खुदगर्ज होते तो पीएम मोदी के साथ नहीं रहते। उनके घर में चाचा-भतीजे के बीच लड़ाई लगवाई। फिर भी चिराग पासवान मोदी जी के हनुमान बने हुए हैं। तेजस्वी ने आगे कहा कि चिराग को आरक्षण और आरएसएस का ज्ञान नहीं हैं। उनको अपने पिता रामविलास पासवान जी का भाषण सुनना चाहिए। वहीं, मुकेश सहनी ने कहा कि एनडीए में तालमेल नहीं है। काराकाट में उपेन्द्र कुशवाहा को हराने के लिए बीजेपी ने पवन सिंह को मैदान में उतारा है। तेजस्वी यादव के बयान पर चिराग पासवान ने पलटवार किया है। चिराग ने कहा है कि जितनी चिंता वह हमारी और हमारे प्रधानमंत्री की करते हैं अगर अपनी प्रत्याशियों की चिंता कर लेंगे तो उनकी जमानत बचा पाएंगे। परिवार में क्या हुआ और क्या नहीं यह हमारा व्यक्तिगत विषय है।

**आरक्षण का इतिहास नहीं जानते चिराग**: पिछले दिनों चिराग पासवान ने कहा था कि मोदी के नेतृत्व में आरक्षण को मजबूत किया गया है। इसके जवाब में तेजस्वी ने कहा इस पर ज्यादा टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है। लेकिन, आरक्षण के बारे में चिराग पासवान को पूरी जानकारी नहीं है और ना ही आरक्षण के इतिहास के बारे में जानते हैं। वो नादान हैं, कोई कुछ भी बोले तो मान लेते हैं। कुछ आरक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त कर लें और यह जानकारी वो अपने पिताजी रामविलास जी के भाषणों को सुन कर मिलेगा। बीजेपी के नेता और सांसद बार-बार कहते हैं कि 400 पार लाओ तो हम संविधान को खत्म करेंगे।

**चिराग ने पूछा- क्या वो पैदा होते मंत्री बन गए थे**: तेजस्वी के बयान जिसमें उन्होंने कहा कि चिराग पासवान कभी मंत्री रहे हैं जो समझेंगे कैसे नौकरी दी जाती है। उस पर चिराग ने कहा कि क्या वह पैदा होते के साथ ही मंत्री बन गए थे। अनुभव एयर कंडीशन कमरों में बैठने से नहीं होता है। जनता के बीच में जाने से होता है। उनका कार्यकाल देख लीजिए बिहार में घटी घटनाओं को भी निकाल करके देख लीजिए और कितनी घटनाओं पर वह गए यह भी पता कर लीजिए।

तेजस्वी बोलते हैं कि हम नौकरी दिए इतनी नौकरी दिए तो रेवेन्यू कहां से जनरेट होगा। सरकार में राजस्व कैसे बढ़ेगा। यह बताएं? जब तक सरकार का राजस्व नहीं बढ़ेगा तब तक आप पैसा कहां से दीजिएगा, सैलरी कहां से दीजिएगा। यह ढिंढोरा मत पीटिए।

# पटना में कोचिंग सेंटर और जिम में लगी आग

**एजेंसी, पटना।**



♦ 10 लाख का सामान जलकर राख, घंटों मशक्कत के बाद दमकल की 6 गाड़ी ने पाया काबू

पटना के सिपारा में कोचिंग सेंटर और जिम में आग अचानक लग गई। चंद मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घंटों मशक्कत के बाद दमकल की 6 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना में करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है। इस बीच घटनास्थल के आसपास सड़क जाम की स्थिति बनी रही। कुछ देर के लिए ट्रैफिक को रोकना भी पड़ा।

**सबसे पहले कोचिंग सेंटर में लगी थी आग**: जानकारी के मुताबिक बेउर थाना क्षेत्र के सिपारा पुल के पास रेस्टोरेंट के किचन की चिमनी से निकली चिंगारी से सबसे पहले कोचिंग सेंटर में आग लगी। देखते ही देखते आग ने लाइब्रेरी समेत जिम को भी अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

**करीब 10 लाख का हुआ नुकसान**: जिसके बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग की सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग काबू पाया। लेकिन तब तक काफी लेट हो चुकी थी। करीब 10 लाख का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिल्डिंग के नीचे वाले फ्लोर पर एक रेस्टोरेंट है। उसके ऊपर कोचिंग सेंटर और जिम है। रेस्टोरेंट की चिमनी सेकंड फ्लोर से होकर गुजरती है। चिमनी से निकली चिंगारी की वजह से आग लगी है। जिसमें काफी नुकसान हुआ है।

# इंटरनेशनल म्यूजियम डे पर 18 मई को कार्यक्रम

**एजेंसी, पटना।**



♦ पटना में क्यूरेटेड वॉक-पेंटिंग सेशन का होगा आयोजन

18 मई को इंटरनेशनल म्यूजियम डे मनाया जाएगा। इस अवसर पर बिहार म्यूजियम क्यूरेटेड वॉक और पेंटिंग सेशन का आयोजन कर रहा है। इसमें छठी कक्षा से 10वीं तक के छात्र भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 18 मई को सुबह 10 बजे से होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को उसी दिन शाम 4 बजे से सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। इसके लिए छात्रों को रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन करने के लिए इस लिंक https://forms.gle/PgiE6hF2nLDUEvag8 पर दिए गूगल फॉर्म को भरना होगा। चयनित छात्रों को उनके द्वारा दी गई ईमेल आईडी पर अधिक जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 15 मई तक होगा। चयनित छात्रों के लिए प्रवेश निःशुल्क होगा और सभी सामग्री बिहार म्यूजियम द्वारा प्रदान की जाएगी। बिहार म्यूजियम ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस मौके पर म्यूजियम की कलाकृतियों से प्रेरित होकर अपनी खुद की कलाकृतियां बनाएं।

## चिराग ने नामांकन में नहीं बुलाया, घर आकर लेना चाहिए आशीर्वाद

# पारस बोले-प्यासा कुएं के पास जाता है ना कि कुंआ

**एजेंसी, पटना।**



पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने चिराग के दावे के झुठला दिया है। पशुपति ने शुक्रवार को कहा कि चिराग पासवान ने अपने नामांकन में मुझे नहीं बुलाया था। ये सब दिग्भ्रमित करने वाली बात है। मेरा घर एयरपोर्ट के बगल में है। यहीं से प्रतिदिन दो बार चिराग पासवान गुजरते हैं। लेकिन क्या उन्हें कभी लगा है, कि यहां मेरे चाचा रहते हैं। उनसे हम जाकर आशीर्वाद लें। नामांकन के लिए वह मेरे घर पर आकर मुझे निमंत्रण दे सकते। अगर आगे चिराग पासवान मुझे प्रचार में आने का निमंत्रण देंगे तो हाजीपुर जाऊंगा। पारस ने कहा कि हम जहां रहते हैं निष्ठा से रहते हैं। जबकि चिराग ने यह दावा किया था उन्होंने अपने चाचा को बुलाया था लेकिन वो नहीं आए। पारस ने कहा कि चिराग मुझसे छोटे हैं, पहले उन्हें मुझसे बात करनी चाहिए। प्यासा कुएं के पास जाता है ना कि प्यासे के पास कुआं।

**चिराग के फैसले पर सवाल**: वहीं प्रिंस पासवान ने भी चिराग पासवान के टिकट बंटवारे के निर्णय पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि चिराग पर टिकट बेचना का आरोप लग रहा है। उनकी पार्टी के लोग विरोध में खड़े हैं।

**एनडीए के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा हूं**: पटना में प्रेस कॉन्फ्रेस कर पशुपति पारस ने कहा कि उनकी पार्टी एनडीए के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। नरेंद्र मोदी देश के सर्वमान्य नेता हैं। पीएम ने जरूरतमंदों को राशन और अस्पताल की सुविधा दी है। अगर मेरी ज़रूरत हाजीपुर में

### LJP(R) चीफ बोलेंगे तो हाजीपुर में करूंगा प्रचार

होगी तो मैं जाऊंगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पटना में होने वाले पीएम के रोड शो में मैं शामिल रहूंगा। हमारा नीति और नियत पूरी तरह साफ है। हम जहां रहते हैं वहां पूरी तरीके से ईमानदारी से काम करते हैं। हम लोग एनडीए गठबंधन में 2014 से अभी तक बने हुए हैं। मैं प्रतिदिन एनडीए के उम्मीदवारों से बात करते रहता हूं। आज ललन सिंह और गिरिराज सिंह से बात हुई है।

**पीएम मोदी सर्वामान्य नेता**: पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने कहा कि अभी के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं बल्कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। उनके नेतृत्व पिछले 10 वर्षों भारत का विकास हुआ है। उज्ज्वला योजना आयुष्मान कार्ड जैसे कई अनेक कामों किए गए हैं।

## पटना कॉलेज के छात्र ने राज्यपाल से की शिकायत

# राजभवन ने कॉलेज के प्रिंसिपल को किया तलब, गर्वनर बोले- हालत देख दुखी हूं

**एजेंसी, पटना।**



भागलपुर के रहने वाले और पटना यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने वाले छात्र सत्यम राज ने पुस्तकालय में रखी गई पुस्तकों के रख रखाव को लेकर सोशल मीडिया के जरिए राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई थी। इस पर बिहार के राज्यपाल ने भी संज्ञान लिया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म X के जरिए उसे प्रिंसिपल से मिलकर इन सब चीजों से अवगत कराने का निर्देश दिया गया। छात्र इस दौरान पटना कॉलेज के प्रिंसिपल से मिला और उन्हें ज्ञापन भी सौंपा। छात्र ने सोशल मीडिया X पर राज्यपाल को टैग करते हुए लिखाः माननीय राज्यपाल, पटना कॉलेज, बिहार का प्राचीनतम महाविद्यालय है, लेकिन पुरानी पुस्तकों की रख रखाव स्थिति बेहद चिंताजनक है। कॉलेज कैंपस में कुछ नई बुनियादी सुधार और पुस्तकालय के संसाधनों में वृद्धि की ज़रूरत है। इन्हें ठीक से रखा जाना चाहिए। कृपया इस मुद्दे पर ध्यान दें।

**राज्यपाल ने कॉलेज में कराई पड़तालः** अब इस पर राज्यपाल ने छात्र को जवाब देते हुए बताया है कि आज मैंने पटना कॉलेज में मेरे व्यक्ति को पुस्तकालय की हालत के बारे में जानने के लिए भेजा। प्रधानाचार्य को राजभवन में बुलाकर इस विषय पर विमर्श किया। सात दिन में पुस्तकालय की अवस्था में सुधार करने का उन्होंने आश्वासन दिया। पुस्तक और पुस्तकालय की परिस्थिती देख कर मैं भी दुखी हूं। विश्वास है सुधार होगा।धन्यवाद। बता दें कि पटना यूनिवर्सिटी के पुस्तकालय में बहुत सारी पुरानी पुस्तकें हैं। समय रहते सही ढंग से इन्हें संरक्षित कर के नहीं रखा जाता है तो जरूर नुकसान पहुंच सकता है।

# पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद ने दाखिल किया नामांकन

**एजेंसी, पटना।**



पटना साहिब से बीजेपी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के दौरान उनके साथ पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री सीपी ठाकुर, राजेश सिंह, प्रदीप मेहता समेत बीजेपी के कई नेता मौजूद रहे। इस मौके पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पटना की जनता से आशीर्वाद चाहता हूं। पहले जिस तरह से देश के लिए काम किया है, वैसे ही आगे भी करूंगा। नामांकन से पूर्व बीजेपी कार्यालय में 'आशीर्वाद सभा' का आयोजन किया गया था। जिसमें बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए NDA नेताओं ने पीएम मोदी के कार्यों का जिक्र किया। साथ ही विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। रविशंकर प्रसाद की गिनती मौजूदा समय में चुनिंदा कायस्थ नेता के रूप में होती है। रविशंकर प्रसाद को फिर से टिकट देकर क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता को ही अंतिम आधार माना गया है। बीजेपी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के खिलाफ कांग्रेस ने लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार के बेटे डॉ. अंशुल अभिजीत को उम्मीदवार बनाया है।

### पटना में महिला समेत 2 शराब तस्कर गिरफ्तार

**पटना**। पटना पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इसी कड़ी में फतुहा के नदी थाना क्षेत्र स्थित पीपापुल के पास से महिला समेत दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान 68 पीस केन बीयर बरामद हुआ है। तस्कर की पहचान वैशाली जिले के बहरामपुर गांव निवासी निर्बल कुमार के तौर पर हुई, जबकि महिला हाजीपुर की रहने वाली है। दोनों बंका घाट स्टेशन से ऑटो पकड़कर पक्की दरगाह पहुंचे थे। यहां से गंगा नदी के उस पार जाने की फिराक में थे। उससे पहले पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धर-दबोचा। नदी थाना प्रभारी राजू कुमार ने बताया कि एएसआई विनीत कुमार अपनी टीम के साथ गश्ती कर रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि एक महिला और युवक बीयर लेकर गंगा के उस पार जाने वाले हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जब्त बीयर की अनुमानित कीमत 20,400 रुपए है। उन्होंने आगे बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सख्ती बरती जा रही है। किसी भी कीमत पर शराब तस्करों को छोड़ा नहीं जाएगा।

# बिहार के 3393 गांवों में मखाना की खेती

## कृषि सचिव बोले- किसानों को किया जा रहा जागरूक, मई माह तक सर्वेक्षण का काम होगा पूरा

**एजेंसी, पटना।**

पटना के बामेती सभागार में मखाना उत्पादन को बढ़ाने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, कटिहार, पूर्णियां, किशनगंज, अररिया और खगड़िया जिले के किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने किया है। इस मौके पर कृषि सचिव ने किसानों से मखाना उत्पादन में आने वाले कठिनाइयों के बारे में सीधा संवाद किया। उन्होंने समस्याओं को दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यशाला का उद्देश्य मखाना उत्पादक किसानों एवं श्रमिकों की चुनौतियों का समझना, फसल कटाई के बाद भंडारण, मूल्य संवर्धन करना और जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं के लिए नीति निर्माण हेतु पहल करना था।

**बिहार में मखाना उत्पादन क्षेत्र को दोगुना किए जाने का लक्ष्यः** संजय अग्रवाल ने कहा कि बिहार में मखाना के मुख्य उत्पादक जिला दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, कटिहार, पूर्णियां, किशनगंज, अररिया एवं खगड़िया है। इन जिलों में मखाना की खेती तालाब एवं खेत पद्धति से की जाती है। बिहार में मखाना उत्पादन क्षेत्र को दोगुना करने की संभावना है। इसके लिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना है। किसानों से कहा कि इसके लिए विभाग आपकी मदद करेगा। अगले वर्ष के लिए लाभुकों का चयन जल्द किया जाएगा। नई बीज के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। मखाना का बीज हर दो साल पर बदलने का सुझाव दिया। सरकार द्वारा बीज के मूल्य पर 75 प्रतिशत यानि 5400 रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान की व्यवस्था की गई है।



**मखाना उत्पादन को दिया जा रहा बढ़ावाः** राज्य के 10 जिलों में से विशेषकर पूर्णिया प्रमंडल में मखाना की खेती की जाती है। मखाना की खेती करने के लिए खेतों में 2-3 फीट का गड्ढा करना पड़ता है। उत्पादन को प्रोत्साहन देने से मखाना के क्षेत्र में विस्तार को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विभाग किसानों के पास उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का सर्वे कर रहा है। जो मई माह में पूरा कर हो जाएगा। अभी तक के आंकड़ों के अनुसार 10 जिलों के 3393 गांवों, 781 ग्राम पंचायत और 67 प्रखंडों में मखाना की खेती की जाती है। आंकड़ों के अनुसार तालाब के मुकाबले खेतों में मखाना उत्पादन का रकबा बढ़ा है। अभी तक सर्वे के अनुसार राज्य में मखाना उत्पादक किसानों की संख्या 9777 है। जिनमें 829 किसान तालाब प्रणाली, 8871 किसान खेत प्रणाली और 77 किसान दोनों प्रणाली से मखाना का उत्पादन करते हैं।

**अगले वर्ष के लिए लाभुकों के चयन का कार्य शुरूः** कृषि सचिव ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मखाना विकास योजना के तहत कुल 577.525 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस योजना के अन्तर्गत अवयवांवर 75 प्रतिशत सहायतानुदान दिया जा रहा है। मखाना उत्पादन क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से अनुदानित दर पर पौधा संरक्षण दवाओं का छिड़काव किया जाएगा। इसके लिए संबंधित सहायक निदेशक उद्यान को यह जवाबदेही दी गई है। किसानों का नाम, पता, रकबा की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।

**पूरे भारत का 85 प्रतिशत मखाना का उत्पादन बिहार में:** उन्होंने कहा कि बिहार में पूरे भारत का 85 प्रतिशत मखाना उत्पादित होता है। खेती में विविधता आएगी, तभी किसानों की आमदनी बढ़ेगी। अभी राज्य के उत्तर बिहार के कुछ जिलों में मखाना की खेती होती है, लेकिन कई जिलों में मखाना उत्पादन नहीं होता है। उन जिलों में पानी की भी कमी नहीं है। ऐसे जिलों में मखाना का क्षेत्र विस्तार करना होगा। मखाना के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना पूर्णिया के भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय में की जा रही है। मिथिला मखाना को 16 अगस्त 2022 को जीआई टैग मिला है।

# अपने समर्थकों के साथ बसपा के राम कुंवर राम हुए भाजपा में शामिल

चाणक्यभूमि बेतिया



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहे जनसंपर्क अभियान के तहत वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने आज नरकटिया विधानसभा के कुदरकट, रामनगर, एकडरी, श्रीपुर, बेलवाडीह, मुरली, जुआफर, चैनपुर आदि गांवों और पंचायतों के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हुए उन्होंने घर-घर जा कर लोगों से मुलाकात की तथा मोदी सरकार द्वारा चंपारण के विकास के लिए किये गये कार्यों के बारे में बताकर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान ग्राम पंचायत खैरवा में आयोजित एक कार्यक्रम में गंगा राम,नंदकिशोर राम एवं अनिल जोशी जी के नेतृत्व में बसपा के पूर्व प्रत्याशी व पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुंवर राम ने बसपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए । इस मौके पर डॉ जायसवाल ने उनके साथ राजेश्वर राम,मनोज राम, रुदल राम,राम कुमार राम,रामश्वरूप राम, राजकिशोर राम,साहेब राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके लोगों से मिल रहे समर्थन से उत्साहित डॉ जायसवाल ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का भाजपा में विश्वास दिखाना वास्तव में विकास की जीत है।लोग मान चुके हैं कि मोदी है तभी विकास संभव है. मोदी सरकार में हुए विकास कार्यों से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिला है इसीलिए सभी के मन में मोदी सरकार के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास है. यह दिखाता है कि चंपारण का चप्पा-चप्पा मोदीमय बना हुआ है। जनता के रुख से साफ़ पता चलता है कि इस बार कमल और वेग से खिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता भूली नहीं है कि मोदी सरकार के आने से बाद चंपारण में विकास कार्य कितने तेजी से हुए हैं ।कांग्रेस के केंद्र में रहते हुए जहां विकास के जरूरी काम भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे, वहीं आज डबल इंजन सरकार में चंपारण के गली-मुहल्लों में भी सड़क, बिजली, पानी, शौचालय आदि की पहुंच हो चुकी है। आज लोगों के पास अपने बैंक खाते हैं, माताओं-बहनों को उज्ज्वला के जरिये निशुल्क गैस कनेक्शन मिला हुआ है। लाखों लोगों के अपने आवास का सपना सच हो चुका है, वहीं DBT के जरिये उनके हक के पैसे बिना घूस दिए उनके खातों में जा रहे हैं. वास्तव में कांग्रेस के राज में लोग जिन कामों के बारे में सोच भी नहीं पाते थे आज वह सारे सपने धरातल पर उतर रहे हैं। कांग्रेस को मुद्दाविहीन बताते हुए एनडीए प्रत्याशी ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का इतना पतन हो चुका है कि अब इन्हें झूठ के अलावा कुछ सूझता ही नहीं। मुद्दों के अभाव में इस पार्टी के नेताओं का मानसिक संतुलन इतना हिल गया है कि कभी यह लोग भारतीयों की चमड़ी का रंग खोजने लगते हैं तो कभी गरीबों का आरक्षण छीनकर अन्य धर्म के लोगों को देने की बात कहने लगते हैं. इनके पास न तो नीति है और न ही काम करने की नियत। इसीलिए जनता इस बार भी इनकी दुर्गति बनाने वाली है।

# धोखा देने वाले भाजपा को जनता धुल चटाएगीः माले



चाणक्य भूमि बैरिया

इंडिया महागठबंधन की सरकार बनने पर ही देश का संविधान, लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा । अगर ग़लती से मोदी फिर प्रधानमंत्री बनते है तो बाबा साहेब डा अम्बेडकर का संविधान समाप्त कर मनुस्मृति को संविधान घोषित कर देगी सामंती सांप्रदायिक ताकतें।यह भारत के वंचित समुदायों के लिए बड़ी आफत का दिन होगा। उक्त बातें माले नेता सुनील कुमार राव इंडिया एलाएंस से कांग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी जी के चुनावी जनसंपर्क यात्रा पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने फुलझरिया ,बजना,मड़ुवाहां,झाखरा, बावरिया आदि गांवों में कहा क्षेत्र में लोकतांत्रिक, न्यायप्रिय नागरिकों ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का मन बना लिया है।4जून को पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र समेत देश से भाजपा की विदायी तय है। माले नेता सुरेंद्र चौधरी ने कहा अच्छे दिन और काला धन लाने के नाम पर भाजपा ने सरकार बनाई पर अच्छा दिन आने के बजाय जनता के बुरे दिन आये। महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया अब मोदी सरकार को हटाए बगैर महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाया जा सकता है। मंगल चौधरी ने कहा भाजपा ने छात्र युवा किसान मजदूर सब को छला है जनता इसे लोकसभा चुनाव में धूल चटाएगी। मौके पर राजू राम, रंजन कुमार, ओमप्रकाश यादव, अवधेश यादव अशोक राम आदि मौजूद रहे।







# अबैध नर्सिंग होम्स पर होगी कार्रवाई बीडीओ सीओ व डॉक्टर्स की टीम गठित

चाणक्य भूमि(मझौलिया)



- मझौलिया के अबैध संचालकों में हड़कम्प
- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

**मझौलिया**।मानवाधिकार आयोग बिहार के निर्देश पर प्रखण्ड क्षेत्र में अवस्थित नर्सिंग होम ,जांच घर व दवा दुकानों की जांच होगी।जानकारी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.ओमप्रकाश ने दी।उन्होंने कहा कि इस आशय का एक पत्र सिविल सर्जन बेतिया द्वारा निर्गत किया गया है।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि जारी की गई नोटिस में प्रतिष्ठान का निबंधन, मानक के अनुरूप तकनीशियन, ओपीडी में सुविधाये, प्रदूषण, आग से बचाव आदि की जांच शामिल है।उन्होंने बताया कि बीयूएमएस,बीएएमएस तथा आयुर्वेद चिकित्सकों को शल्य चिकित्सा करना कानूनन अपराध है।उन्होंने स्पष्ट कहा कि साल में एक बार प्रतिष्ठान का नवीनीकरण कराना आवश्यक है।साथ ही उन्होंने चेतावनी कि दवा दुकानों पर फार्मासिस्ट का होना अत्यंत जरूरी है।इस अवसर पर बीसीएम राजेश कुमार प्रधान लिपिक सुशांत कुमार राहुल कुमारआदि उपस्थित रहे।

# भोजन में पोषक तत्वों की कमी से प्रभावित होती है गर्भवस्था

चाणक्य भूमि बेतिया



- आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन युक्त संतुलित आहार का करें सेवन सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है निःशुल्क जाँच व इलाज की सुविधा- डीसीएम

गर्भवती महिलाओं को अपने शरीर का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, इस दौरान उनके शरीर में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते है, गर्भवस्था के समय में कई महिलाओं में पोषक तत्वों की कमी के कारण एनीमिया के लक्षण देखें जाते है, इसका मुख्य कारण भोजन में पोषक तत्वों की कमी है जिससे गर्भवती महिलाओ का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है, ये कहना है जिले के आशा समन्वयक राजेश कुमार का। उन्होंने बताया की गर्भवस्था के दौरान भरपूर मात्रा में आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए जिससे माँ के साथ शिशु का भी उचित विकास हो।क्यूँकि स्वस्थ माता से ही स्वस्थ संतान का जन्म होता है।उन्होंने बताया की जिले के बेतिया,मझौलिया,बगहा, ठकराहा, नरकटियागंज व अन्य सभी सरकारी संस्थानों में प्रत्येक माह के 9 तारीख को विशेष रूप से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत बीपी, शुगर, वजन,रक्त प्रतिशत के साथ कई प्रकार की जाँच की सुविधा प्रदान करने के लिए कैंप लगाया जाता है।सामान्य रोगों की आधुनिक मशीनों से जाँच के साथ ही दवाओं में आयरन, कैल्सियम, व अन्य कई प्रकार की दवाएं व सलाह मुफ्त में उपलब्ध कराई जाती हैं। बेतिया जीएमसीएच की महिला चिकित्सक गायनोकोलोजिस्ट डॉ रश्मि कुमारी ने ने बताया कि रोजाना यहां 100 से 150 तक मरीज रोज देखें जाते हैं। इनमें गर्भवती व धात्री महिलाएं भी होती हैं। जिनको स्वास्थ्य संबंधित उचित सलाह के साथ इलाज भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि पर्याप्त मात्रा में आवश्यक तत्त्वों की कमी के कारण महिलाओं एवं उनके बच्चों में भी कुपोषण की समस्याएं देखी जाती हैं।

**संतुलित आहार का सेवन जरूरी है-** गायनोकोलोजिस्ट डॉ रश्मि कुमारी ने कहा कि अक्सर महिलाओं में कमजोरी की समस्याएं आम तौर पर देखी जाती हैं। गर्भवती महिलाओं में खून की कमी होती है। इनसभी का मुख्य कारण है भोजन में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों का अभाव। इनसे बचने के लिए संतुलित भोजन करना चाहिए। जिसमें, फल, मौसमी सब्जियों के साथ दूध, ड्राई फ्रूट, अंडे, मांस का सेवन आवश्यक है। इसपर जरूर ध्यान देना चाहिए। गर्भस्थ शिशु का विकास माता के आहार पर निर्भर होता है। गर्भवती महिला को ऐसा आहार करना चाहिए जो उसके गर्भस्थ शिशु के पोषण कि आवश्यकताओं को पूरा कर सके।उन्होंने बताया की प्रसवपूर्व जांच के दौरान भी गर्भवती महिला की रक्त चाप, वजन, ऊंचाई नापना, खून की जांच, मूत्र में शक्कर एवं प्रोटीन की जांच करना, गर्भवती महिला को टी.टी. इंजेक्शन लगाना, पेट की जांच एवं आयरन की गोलियां दी जाती है ताकि महिला में खून की कमी को पूरी किया जा सके। उन्होंने बताया की सामान्य महिला को प्रतिदिन 2100 कैलोरी का आहार करना चाहिए। फूड व न्यूट्रीशन बोर्ड के अनुसार महिला को आहार के माध्यम से 300 कैलोरी अतिरिक्त मिलनी ही चाहिए। यानि सामान्य महिला की अपेक्षा गर्भवती महिला को 2400 कैलोरी प्राप्त हो इतना आहार लेना चाहिए।
















# देश में एनडीए की लहर,चार सौ के आंकड़ा को करेगी पार

चाण्क्य भूमि(मैनाटांड़)



**मैनाटाड़** ।लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मैनाटाड़ प्रखंड मुख्यालय में जदयू प्रत्याशी सुनील कुमार के समर्थन में एनडीए चुनावी कार्यालय का उद्घाटन जदयू प्रदेश महासचिव मदन पटेल ने फीता काट कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि अबकी बार पूरे बिहार में एनडीए चालीसों सीट पर जीत दर्ज करेगी।कहीं कोई दिक्कत नहीं है।सब जगह जनता पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के कार्यकलाप से खुश हैं।वहीं प्रमंडलीय प्रभारी राबिन सिन्हा ने कहा कि पूरे देश में एनडीए चार सौ के आंकड़ा को पार करेगी।फिर से भाई नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।बस आप सभी कार्यकर्ता और जनता का पूरा सहयोग चाहिए।आपका भाई आपका बेटा आपका सेवक सुनील कुमार को फिर से दिल्ली भेजकर एनडीए को मजबूत कीजिये। मौके पर जदयू के प्रभु कुशवाहा,प्रखंड अध्यक्ष संजय पटेल, राजेश पटेल, देवेन्द्र कुशवाहा,अमरेश पटेल,भाजपा के सुनील कुमार, जदयू के जवाहर पटेल , सुजीत यादव, विनोद महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# अब गंडक नदी में तस्करों पर पैनी नजर रखेगा एसएसबी का मोटरबोट

चाणक्यभूमि वाल्मीकि नगर



- अब सड़क से लेकर नदी तक तस्करो पर पैनी नजर

इन्डो-नेपाल बॉर्डर स्थित गंडक नदी के जलाशय में एसएसबी का पेट्रोलिंग मोटरबोट 24 घंटे गश्त लगाएगा। आज एसएसबी के उप महानिरीक्षक एस सुब्रमण्यम ने आधुनिक उपकरणों से लैस पहले मोटरबोट का गंडक नदी में जलतरण किया। शुक्रवार को इसकी शुरुआत की गई । वहीं, इससे नेपाल से बिहार शराब ले जाने वाले तस्करों को पकड़ने में सहायता मिलेगी। यह मोटरबोट गंडक नदी के अप स्ट्रीम क्षेत्र में पेट्रोलिंग करेगा व नदी मार्ग से तस्करी करने वालों का पीछा कर पकड़ेगा। एसएसबी की बीओपी कोलेश्वर में क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी बेतिया के उप महानिरीक्षक एस सुब्रमण्यम के कर कमलों द्वारा पवित्र गंडक नदी में स्वचालित नाव का विधिवत पूजन करके उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन में एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रकाश , द्वितीय कमान अधिकारी अश्वनी कुमार, उप कमांडेंट उमा शंकर नशाना निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल शामिल रहे। पूजन विधि पंडित नितेश कुमार के द्वारा संपन्न किया गया तथा बोट का संचालन मुख्य आरक्षी पुरन चन्द नायक के द्वारा किया गया। भविष्य में भी रिवर पेट्रोलिंग और आकस्मिक घटना होने पर रेस्क्यू ऑपरेशन में भी मदद मिलेगी।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

चाणक्य भूमि बेतिया

जिले मे बढ़ते सड़क हादसों के बीच गुरुवार की देर रात मंशा टोला की है जहां बेतिया मोतिहारी सड़क पर पिकअप की ठोकर से बाईक पर सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा बुरी तरह घायल हो गया जिसका ईलाज GMCH मे चल रहा है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना के पिपरा पकड़ी निवासी 24 वर्षीय प्रदीप बीन के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक की पहचान 18 वर्षीय धर्मराज कुमार के रूप में हुई है।जो अपनी पत्नी की विदाई के लिये ससुराल जा रहा था।

# सबाना सीड्स की ओर से अमवा मझार में किसानो ने सीखा कम लागत में अधिक उत्पादन

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)



- क्षेत्रीय किसानों की उमड़ी भीड़

**मझौलिया**।अमवा मझार पँचायत के टोला बडका फुलवारी मे जय किशोर प्रसाद कुशवाहा के दरवाजे पर सवाना सिडस प्रा.लि की तरफ से विशाल किसान गोष्टी का आयोजन किया गया।जिसमे क्षेत्रीय किसानों की भागीदारी रही।कम्पनी के वरीय अधिकारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने सबाना सीड्स के उपयोग की जानकारी दी तथा कहा कि कम खर्च में अधिक उत्पादन सबाना सीड्स की पहचान है।उन्होंने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा किसानों की समस्याओ का समाधान किया। सबाना सीड्स के ए.के.सिंह और रवि सिंह. ने धान कि अच्छी पैदावार.लेने के लिए गुणवत्ता और उपयोग की जानकारी दी।इस अवसर पर किसान राजू यादव,आर्यन कुमार,प्रगतिशील किसान सुशील कुमार जायसवाल,मनुबाबू कुशवाहा,रामबाबू साह समेत सैकड़ो किसान शामिल रहे।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714